राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: **प्रेस–नोट** :–

दिनांक : 08.07.2022

आयोग द्वारा सहायक आचार्य– भौतिकी (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2020 के पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 26.07.2022 से दिनांक 29.07.2022 तक एवं सहायक आचार्य– गणित (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2020 के पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 01.08.2022 से दिनांक 05.08.2022 तक आयोजित किये जायेंगें।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जावेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथा समय अपलोड कर दिये जायेंगे।

अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

नोटः– साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें।

(हरजी लाल अटल)
सचिव